नन्दीनाथ रे | By Nikunj Prem

मेरे भोले तक पहुंचा दे दिल की बात रे
हो नन्दी नाथ रे हो नन्दी नाथ रे
तुम रहते हर पल मेरे शिव के साथ रे
हो नन्दी नाथ रे हो नन्दी नाथ रे

शिव शंकर को तेरी सवारी लागे है बड़ी प्यारी
तुझपे बैठ कर शिव की झांकी लगती है मनुहारी
मुझको भी ले चल अपने साथ रे
हो नन्दी नाथ रे ....

शिव के गणो में नाम तुम्हारा सबसे पहले आता
संग तुम्हारा मेरे शिव को खूब ही है भाता
शिव को पकड़ा दे मेरा हाथ रे
हो नन्दी नाथ रे ....

माँ गौरी की सेवा में तुम तत्पर नज़र हो आते
जहाँ भी बोले शिव मेरे तुम झटपट हो ले जाते
मुझको है जाना शिव बारात रे
हो नन्दी नाथ रे ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-nikunj-prem/